सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

साधिकार प्रकाशित

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

Published by Authority

भाद्र 07, मंगलवार, *शाके* 1945-अगस्त 29, 2023
Bhadra 07, Tuesday , Saka 1945- August 29, 2023

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 10, 2023

संख्या एफ.15(14)पंरावि/विधि/पुनर्गठन (पार्ट)/2022/420:– माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बजट वर्ष 2022–2023 में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान दिनांक 21.03.2022 को की गई घोषणा संख्या 86 (IX) में मंडावर– दौसा को नई पंचायत समिति बनाये जाने की पालना में विभागीय अधिसूचना संख्या एफ.15(14)पंरावि/विधि/पुनर्गठन (पार्ट)/2022/156 दिनांक 08.04.2023 के द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या–13) की धारा–98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा–9, 10 एवं 101 में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टर, दौसा को ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन किये जाने हेतु उपयोग कर प्रस्ताव तैयार करने, सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण करने एवं उन पर सुनवाई करने के पश्चात तैयार किये प्रस्तावों का राज्य सरकार से अनुमोदन करवाये जाने के लिए अधिकृत किया गया था ।

जिला कलेक्टर, दौसा द्वारा उपर्युक्त कारवाई किये जाने के पश्चात पत्र क्रमांक 253 दिनांक 24.07.2023 द्वारा भिजवाये गये प्रस्तावों के अनुसार पंचायत समिति महवा में ग्राम पंचायत जटवाड़ा का पुनर्गठन कर नई ग्राम पंचायत नांगल सुमेरसिंह तथा ग्राम पंचायत धौलखेड़ा का पुनर्गठन कर नई ग्राम पंचायत पाडला का निम्नानुसार गठन किया जाता है :–

क्र. सं.	वर्तमान ग्राम पंचायत का नाम मय मुख्यालय	वर्तमान ग्राम पंचायत में सम्मिलित राजस्व ग्रामों के नाम	पुनर्गठित/नवसृजित ग्राम पंचायत का नाम मय मुख्यालय	पुनर्गठित/नवसृजित ग्राम पंचायत में सम्मिलित राजस्व ग्रामों के नाम
1	2	3	4	5
1.	जटवाड़ा	1.जटवाडा 2.नांगल सुमेरसिंह 3.सरावली 4.नांगल मीना	जटवाडा	1.जटवाडा 2.नांगल मीना
			नांगल सुमेरसिंह	1.नांगल सुमेरसिंह 2.सरावली

2.	धौलखेड़ा	1.धौलखेडा 2.पाडला 3.वीरगांव 4.नांदना 5.नौरंगपुरा 6.मान्यापुरा 7.बदनपुरा 8.बीरासना 9.पालौदा	धौलखेड़ा	1.धौलखेडा 2.मान्यापुरा 3.बदनपुरा 4.बीरासना 5.पालौदा
			पाडला	1.पाडला 2.नौरंगपुरा 3.वीरगांव 4.नांदना

आज्ञा से,
रवि जैन,
शासन सचिव एवं आयुक्त।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।